# अखिल भारतीय गांधर्व महाविद्यालय मंडल, मुंबई

परीक्षा सत्र : अप्रैल-मई 2021

**परीक्षा का नाम : विशारद पूर्ण**

**विषय : तबला - पखावज (द्वितीय प्रश्नपत्र)**

| दि. 10/10/2021 | समय : दोपहर 2 से 5 | कुल अंक : 75 |
|---|---|---|

सूचनाएँ : (१) कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखे।
(२) सभी प्रश्नों के अंक समान है।

प्र. 1. बहुविकल्पिय प्रश्न :- (15)

(1) एकताल / चौताल किस प्रकार के संगीत के लिए उपयुक्त हैं ?

(a) शास्त्रीय संगीत

(b) उपशास्त्रीय संगीत

(c) सुगम संगीत

(2) पखावज वादन में परन, रेले इनकी विस्तार क्रिया दशप्राणो में से कौनसे प्राणों से आयी है ?

(a) प्रस्तार

(b) क्रिया

(c) कला

(3) स्वतंत्रवादन की शुरुआत उठान से किस घराने में करते हैं ?

(a) अजराडा

(b) बनारस

(c) फरुखाबाद



Contd.

(4) स्वतंत्रवादन के लिए किसकी संगत आवश्यक होती हैं ?

(a) नगमा

(b) धून

(c) आलाप

(5) प्राचीन काल में किस वाद्य का अंग मिट्टीसे बनता था ?

(a) मृदंग

(b) संबल

(c) ढोलक

(6) पंजाब प्रांत में से किस वाद्य का तबला सुधारीत रूप हैं ?

(a) दुक्कड

(b) ढोलक

(c) मृदंग

(7) ठुमरी गायन शैली के साथ कौनसा ठेका बजाया जाता हैं ?

(a) अध्दा

(b) एकताल

(c) चौताल

(8) खाली-भरी का सौंदर्यपूर्ण प्रयोग किस वादनप्रकार में होता हैं ?

(a) पेशकार

(b) मुखडा

(c) मोहरा

(9) किस वादन प्रकार के प्रयोग से भजन, ठुमरी, गजल का सौंदर्य बढ़ता हैं ?

(a) कायदा

(b) परन

(c) लग्गी

(10) सामान्य रूपसे बेदम तिहाई किस मात्रा ताल में संभव नहीं हैं ?

(a) 12

(b) 14

(c) 16

(11) किस ताल में दो-दो विभाग और अंत के विभाग में खाली आती हैं ?

(a) सूलताल

(b) चौताल

(c) एकताल

(12) तीनताल की चौगुन लय में पूरे आवर्तन में कुल कितने वर्ण / बोल होते हैं ?

(a) 64

(b) 32

(c) 16

(13) किसी भी ताल के एक आवर्तन में उसी ताल के दो आवर्तन बजाने से कौनसी लय बनती हैं ?

(a) दुगून

(b) चौगुन

(c) आठगुन

(14) कौनसी रचना विस्तारक्षम हैं ?

(a) चक्रदार

(b) तिहाई

(c) रेला

(15) कौनसी रचना में नौ वे धा पे सम का हक होता हैं ?

(a) नौहक्का

(b) तिहाई

(c) कमाली चक्रदार

प्र. 2. पेशकार तथा कायदा में शब्द तथा लय के आधारपर अंतर सोदाहरण स्पष्ट करे। **(15)**

**अथवा**

प्रस्तार तथा रेला में बढत तथा शब्द की दृष्टीकोन से अंतर सोदाहरण स्पष्ट करे।

प्र. 3. कायदा तथा रेला में शब्द तथा विस्तार की दृष्टीकोन से अंतर सोदाहरण स्पष्ट करे। **(15)**

**अथवा**

ठेका तथा प्रस्तार की बढत तथा शब्द की दृष्टीकोन से जानकारी दे।

प्र. 4. घराना और बाज का अंतर लिखकर किन्हीं दो घरानों की सोदाहरण जानकारी लिखे। **(15)**

प्र. 5. शास्त्रीय, उपशास्त्रीय, सुगमसंगीत के क्षेत्र में तबला / पखावज संगत पर अपने विचार लिखे। **(15)**

प्र. 6. ताल निर्माण के नियमों की जानकारी सोदाहरण लिखे। **(15)**

प्र. 7. एकल वादन की लोकप्रियता किन-किन बातों पर निर्भर हैं ? विस्तारपूर्वक समझाइए। (15)

प्र. 8. निम्नलिखित वादकों का जीवनपरिचय तथा सांगीतिक योगदान स्पष्ट करे। (कोई दो) :- (15)

(1) उ. नत्थू खाँसाहब,

(2) उ. चूडिया ईमाम बक्ष,

(3) उ. वाजिद हुसेन,

(4) पं. गोविंदराव बऱ्हाणपूरकर,

(5) पर्वतसिंह,

(6) पं. अयोध्याप्रसाद।

प्र. 9. तालरचना में सम, ताली, खाली इ. का महत्त्व समझाइए। (15)

प्र. 10. किसी दो विषय पर अपने विचार विस्तार से लिखे :- $(7\frac{1}{2} + 7\frac{1}{2} = 15)$

(अ) स्वतंत्रवादन में पढंत की आवश्यकता।

(ब) स्वतंत्रवादन प्रभावशाली होने के गुणतत्त्व।

(क) स्वतंत्रवादन में वादनप्रकारों की प्रस्तुति का क्रम।